श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 78, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार, 23 अक्टूबर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## नए चयनित 3,317 शिक्षकों को आज सीएम योगी आदित्यनाथ देंगे नियुक्ति पत्र

### एलटी ग्रेट के नए चयनित 3,317 शिक्षकों को आज नियुक्ति पत्र देंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** उत्तर प्रदेश के राजकीय माध्यमिक स्कूलों में एलटी ग्रेट के नए चयनित 3,317 शिक्षकों को शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नियुक्ति पत्र देंगे। दोपहर 12 बजे आयोजित कार्यक्रम में योगी पांच शिक्षकों को प्रतीकात्मक रूप से नियुक्ति पत्र देंगे और बाकी सभी शिक्षकों को ऑनलाइन नियुक्ति पत्र जारी किया जाएगा। जिलों में जन प्रतिनिधियों के माध्यम से भी कुछ शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।

माध्यमिक शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव आराधना शुक्ला ने बताया कि पहली बार प्रदेश में माध्यमिक शिक्षकों को ऑनलाइन स्कूल आवंटित किए जा रहे हैं। रैंक और अभ्यर्थी की च्वाइस के अनुसार स्कूल आवंटन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और पारदर्शी तरीके से की गई। मालूम हो कि लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित सहायक अध्यापक के पद पर चयनित अभ्यर्थियों से 28 सितंबर से आठ अक्टूबर तक ऑनलाइन विकल्प वेबसाइट के माध्यम से मांगे गए थे।

दिव्यांग श्रेणी में चयनित अभ्यर्थियों, ऐसी महिला अभ्यर्थी जिनका बच्चा ऑटिस्टिक या 40 फीसद दिव्यांग है, ऐसे अभ्यर्थी जिनके पति या पत्नी सेना में हैं, विधुर व विधवा जिन्होंने दूसरा विवाह नहीं किया है और एकल अभिभावक को स्कूल आवंटन में वरीयता दी गई है।

## शिक्षण संस्थाओं के खिलाफ उपभोक्ता अदालत के अधिकार पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट विचार करेगा कि उपभोक्ता अदालतों को शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालय के खिलाफ शिकायतें सुनने का अधिकार है कि नहीं। राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली एक अपील में उठाए गए इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट विचार करेगा। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, इंदू मल्होत्रा और इंदिरा बनर्जी की पीठ ने कहा कि शिक्षण संस्थानों या विश्वविद्यालयों में उपभोक्ता संरक्षण कानून 1986 के प्रावधान लागू होंगे कि नहीं इस पर सुप्रीम कोर्ट के कुछ फैसलों में मतांतर है।



इस मामले में मनु सोलंकी व अन्य ने विनायक मिशन विश्वविद्यालय के खिलाफ उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कर सेवा में कमी का आरोप लगाया था। शिकायत में कहा गया था कि विश्वविद्यालय ने 2005-2006 में उन्हें डेंटल कोर्स में प्रवेश पर विदेश में पढ़ाई का प्रलोभन दिया था। उनसे कहा गया था कि इस प्रोग्राम के तहत दो साल की पढ़ाई थाइलैंड में होगी और ढाई साल की पढ़ाई विश्वविद्यालय में होगी।

शिकायत में आरोप लगया गया था कि ये कोर्स न तो विश्वविद्यालय से संबद्ध था और न ही इसे डेंटल काउंसिल आफ इंडिया की मान्यता प्राप्त थी। जबकि विश्वविद्यालय ने उपभोक्ता कानून के तहत दाखिल शिकायत की सुनवाई पर सवाल उठाया। विश्वविद्यालय की दलील थी कि शिक्षा कोई वस्तु नहीं है और न ही शिक्षण संस्थान कोई सेवा प्रदान करते हैं।

विश्वविद्यालय ने अपनी दलील के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट के दो फैसलों का हवाला दिया। एक केस महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय बनाम सुजीत कौर और दूसरा पीटी कोशी व अन्य बनाम एलेन चैरिटेबल ट्रस्ट था। विश्वविद्यालय ने कहा कि इन फैसलों में कहा गया है कि शिक्षा कोई वस्तु नहीं है और शिक्षण संस्थान कोई सेवा प्रदान नहीं करते। इसलिए प्रवेश, फीस आदि के मुद्दे पर सेवा में कमी का सवाल नहीं उठाया जा सकता। दूसरी ओर शिकायतकर्ता छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट के पी. श्रीनिवासुलू बनाम पीजे एलेक्जेन्डर व अन्य मामले में दिये गए फैसले का हवाला दिया गया जिसमें कहा गया था कि शिक्षण संस्थान उपभोक्ता संरक्षण कानून 1986 के दायरे में आएंगे।

राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के ही एक अन्य मामले अनुपमा कालेज आफ इंजीनियरिंग बनाम गुलशन कुमार के फैसले का भी हवाला दिया। आयोग ने कहा कि शिक्षण संस्थान कोई सेवा प्रदान नहीं करते इसलिए उपभोक्ता अदालतों (उपभोक्ता फोरम) को उनके खिलाफ शिकायतें सुनने का अधिकार नहीं है। आयोग ने यह भी कहा कि जो संस्थान शिक्षा देते हैं, जिनमें वोकेशनल कोर्स और प्रवेश के पहले की एक्टीविटी और प्रवेश के बाद की एक्टीविटी आदि शामिल हैं, वो उपभोक्ता कानून के दायरे में नहीं आते हैं। हालांकि इनमें कोचिंग इंस्टीट्यूट शामिल नहीं हैं।

## उत्तर प्रदेश में अन्त्योदय राशन कार्डधारक परिवारों को त्योहारों पर 54 रुपये में मिलेगी तीन किलो चीनी

**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** त्योहार पर मिठास घोलने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अन्त्योदय राशन कार्डधारक परिवारों को 54 रुपये में तीन किलो चीनी उपलब्ध करा रही है। 30 अक्टूबर तक चलने वाली इस योजना के साथ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत प्रति यूनिट पांच किलो खाद्यान्न भी निश्शुल्क वितरित किया जाएगा।



खाद्य एवं रसद विभाग के अपर आयुक्त अनिल कुमार दुबे ने बताया कि अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को आवश्यक वस्तु वितरण कार्यक्रम के दूसरे चरण में अक्टूबर, नवंबर व दिसंबर माह के लिए तीन किलो चीनी प्रति कार्डधारक को 18 रुपये प्रति किलो की दर से उपलब्ध करायी जा रही है।

वितरण व्यवस्था में कोई गड़बड़ी न हो, इसलिए प्रत्येक दुकान पर जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारी को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना होगा। वितरण व्यवस्था पारदर्शी बनाए रखने के लिए विभागीय अधिकारी भी भ्रमण ड्यूटी पर लगाए गए हैं। जो पर्यवेक्षक के तौर पर काम करेंगे। दुबे ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत निश्शुल्क मिलने वाले प्रति यूनिट पांच किलो खाद्यान्न में तीन किलो गेहूं व दो किलो चावल शामिल है।

**पांच दुकानों का करना होगा निरीक्षण :** निश्शुल्क खाद्यान्न वितरण में धन वसूली न होने पाए, इसके लिए सभी संयुक्त आयुक्तों व उपायुक्तों को अपने मंडल से संबंधित तीन-तीन उचित दर की दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिला पूर्ति अधिकारी अपने जिलों में कम से कम पांच दुकानों की जांच कर रिपोर्ट मुख्यालय को अवश्य प्रेषित करेंगे। अपर आयुक्त ने बताया कि जांच में स्टॉक का भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा। घटतौली रोकने का भी ध्यान रखना होगा।


### देशभर में आज नवरात्र का सातवां दिन, मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना में लीन हुए भक्त

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देशभर में आज नवरात्र का सातवां दिन है। महाशक्ति मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर दिग्गजों ने इस पावन अवसर पर बधाई दी है। बंगाल, बिहार समेत देश के कई हिस्सों में दुर्गा पूजा शुरू हो गई है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार, शारदीय नवरात्रि के समय में ही दुर्गा पूजा का उत्सव भी मनाया जाता है।

शारदीय नवरात्रि की षष्ठी से दुर्गा पूजा का आगाज होता है। दुर्गा पूजा 5 दिन षष्ठी, सप्तमी, अष्टमी, नवमी और दशमी तक मनाई जाती है। दुर्गा पूजा खासतौर पर बिहार, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, त्रिपुरा, पूर्वी उत्तर प्रदेश समेत देश के अन्य भागों में मनाया जाता है। नवरात्रि के समय में मां दुर्गा के ही नवस्वरुपों की पूजा की जाती है।

## कोरोना वैक्सीन के तीसरे चरण के ट्रायल को मंजूरी

**नई दिल्ली, एएनआइ।** देश में कोरोना की वैक्सीन को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है। भारत की ड्रग नियामक संस्था ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने भारत बायोटेक की कोरोना वैक्सीन के तीसरे चरण के ट्रायल को मंजूरी दे दी है। भारत में कोरोना की दो स्वदेशी वैक्सीन में से भारत बायोटेक की कोरोना वैक्सीन एक है। इसके अलावा भारत में जायडस कैडिला की स्वदेशी वैक्सीन का ट्रायल भी जारी है।




भारत बायोटेक की वैक्सीन का नाम कोवाक्सिन है। गौरतलब है कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के सहयोग से भारत बायोटेक कोवाक्सिन टीका स्वदेशी रूप से विकसित कर रही है। भारत बायोटेक ने कोरोना वैक्सीन के पहले और दूसरे चरण के ट्रायल के डाटा के साथ एनिमल चैलेंज डाटा पेश किया था। सारा डाटा देखकर हुई चर्चा के बाद ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने इसे मंजूरी दी है।हैदराबाद स्थित टीका बनाने वाली भारत बायोटेक ने बीते दिनों दो अक्टूबर को ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया को आवेदन देकर वैक्सीन के तीसरे चरण के ट्रायल की अनुमति मांगी थी। कंपनी ने अपने आवेदन में कहा था कि इस ट्रायल में 18 या उससे अधिक उम्र के 28,500 लोगों को शामिल किया जाएगा और यह ट्रायल देश के 10 राज्यों में 19 जगहों पर किया जाएगा। इसमें दिल्ली, मुंबई, पटना और लखनऊ शामिल हैं।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की विशेषज्ञ समिति (एसईसीएस) ने पांच अक्टूबर को कंपनी के आवेदन पर विचार-विमर्श किया. समिति ने विस्तृत विचार-विमर्श के बाद कहा था कि तीसरे चरण के अध्ययन का डिजाइन सिद्धांत रूप में संतोषजनक है, सिवाय बिना लक्षण वाले की परिभाषा पर स्पष्टीकरण आदि के. समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा था कि दूसरे चरण के परीक्षण के सुरक्षा और प्रतिरक्षा संबंधी आंकड़ों के आधार पर पहचानी गई उचित खुराक के साथ अध्ययन शुरू किया जाना चाहिए। इस प्रकार कंपनी को ऐसे संबंधित आंकड़े पेश करने चाहिए।

## पाकिस्तान में सरकार के खिलाफ सुलग रही चिंगारी बाबा को रिहा करवाने सड़क पर हो रहा संग्राम

**नई दिल्ली (ऑनलाइन डेस्क)।** पाकिस्तान में बाबा जान को लेकर बीते तीन दिनों से सड़कों पर बवाल हो रहा है। हजारों की तादाद में सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारी सरकार से उनकी रिहाई की मांग कर रहे हैं। आपको बता दें कि बाबा जान उस शख्स का नाम है, जिसने पाकिस्तान की सरकार को खुली चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था कि गिलगिट-बाल्टिस्तान पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। इस पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। इसलिए पाकिस्तान का बनाया कानून यहां पर लागू नहीं किया जा सकता है। उनकी यही चुनौती सरकार को रास नहीं आई और उन्हें जेल में डाल दिया गया। वर्ष 2011 से पाकिस्तान की जेल में बंद बाबा जान को कोर्ट से उम्रकैद की सजा हुई है। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान की सरकार गिलगिट और बाल्टिस्तान के लोगों के खिलाफ काम कर रही है। यहां पर सच की आवाज उठाने वालों की आवाजों को दबाया जा रहा है। उन्हें जेल में ठूंस कर यातनाएं दी जा रही हैं। बाबा जान को गिरफ्तार करने के बाद उनके ऊपर बेहद संगीन धाराओं में मुकदमा चलाया गया था, जिसके बाद उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई गई। इसी तरह की संगीन धाराओं के अंतर्गत कई अन्य लोगों को जेल में बंद किया जा चुका है।




आपको बता दें कि बाबा जान गिलगिट-बाल्टिस्तान एडमिनिस्ट्रेटिव टेरिटरी के एक वामपंथी विचारधारा के राजनेता हैं। वो आवामी वर्कर्स पार्टी की फेडरल कमेटी के सदस्य और पूर्व उपाध्यक्ष भी हैं। गिलगिट-बाल्टिस्तान की हुंजा वैली में पैदा हुए बाबा जान को आतंकवाद विरोधी न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसकी कहानी एक वर्ष पहले शुरू हुई थी। दरअसल, जनवरी 2010 में गिलगिट-बाल्टिस्तान की हुंजा वैली में जबरदस्त भूस्खलन हुआ था। इसकी वजह से हुंजा नदी का पानी रुक गया और इसके चलते आसपास के करीब 23 गांव उसकी जद में आकर डूब गए थे। बाबा जान ने ऐसे करीब 1000 लोगों को इसका मुआवजा दिलाने के लिए आवाज बुलंद की थी, लेकिन जब उनकी आवाज को अनसुना किया जाने लगा तो उन्होंने यहां के मुख्यमंत्री और पाकिस्तान की सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू किया। इससे घबराकर सरकार ने आनन-फानन में कुछ लोगों को मुआवजा देने का एलान कर दिया।

इसके बाद भी ये मुआवजा हर किसी को नहीं मिल सका और करीब 25 परिवार ऐसे छूट गए जो इसकी राह ही तकते रहे। 2011 में बाबा जान ने इन परिवारों को लेकर सड़क पर चक्का जाम किया और मुख्यमंत्री के काफिले को सड़क पर ही रोक लिया। इसे देखते हुए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े और बाद में भीड़ पर गोली चला दी। इसमें एक बुर्जुग और उसके बेटे की जान चली गई थी। इसके विरोध में सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए और उन्होंने कुछ इमारतों में तोड़फोड की और पुलिस स्टेशन में आग भी लगा दी थी। इस घटना के बाद बाबा जान को गिरफ्तार कर लिया गया और उनपर आतंकवाद विरोधी नियम के तहत मुकदमा चलाया गया। सितंबर 2014 को कोर्ट ने उन्हें दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। तब से लेकर आज तक मानवाधिकार कार्यकर्ता लगातार बाबा जान की रिहाई की मांग करते आ रहे हैं। उनकी रिहाई को लेकर न सिर्फ देश के अंदर, बल्कि विदेशों से भी आवाजें उठती रही हैं। सजा के दौरान ही सरकार ने उनके ऊपर देश में शिया और सुन्नी के बीच विवाद पैदा करने और अशांति फैलाने का भी आरोप लगाया।

वर्ष 2015 में उन्होंने गिलगिट-बाल्टिस्तान की विधानसभा के लिए हुए चुनाव में GBLA-6 सीट से आवामी वकर्स पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर हिस्सा लिया। हालांकि, वो इस चुनाव में यहां पर वर्षों से शासन कर रहे परिवार के नुमांइदे मीर गजनफर अली खान के हाथों हार गए। मीर को पाकिस्तान मुस्लिम लीग का समर्थन हासिल था। इस चुनाव में हार के बाद भी वो इमरान खान की पीटीआई और बिलावल भुट्टो की पीपीपी के प्रत्याशियों से कहीं आगे थे। 2015 में गिलगिट-बाल्टिस्तान की चीफ कोर्ट, जिसे हाईकोर्ट का दर्जा हासिल है, ने बाबा जान समेत 11 लोगों को सभी आरोपों से से बरी कर दिया था। इसके बावजूद उन्हें रिहा करने की बजाए रातोंरात उन्हें गिलगिट जेल से गिजर वैली की गाकुछ जेल में शिफ्ट कर दिया गया।

## भारत ने नाग एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सफलतापूर्वक किया अंतिम परीक्षण

**नई दिल्ली, एएनआइ।** भारत ने आज डीआरडीओ द्वारा विकसित नाग एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का अंतिम परीक्षण एक वारहेड के साथ सफलतापूर्वक किया। परीक्षण सुबह 6:45 बजे राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में किया गया। बता दें कि यह लेटेस्ट मिसाइल बड़े टैंक्स को भी किसी भी मौसम में निशाना बना सकती है। कई खूबियों के अलावा इसमें इंफ्रारेड भी है, जो लॉन्च से पहले टारगेट को लॉक करता है। इसके बाद नाग अचानक ऊपर उठती है और फिर तेजी से टारगेट के एंगल पर मुड़कर उसकी ओर चल देती है। लक्ष्य भेदने की इसकी क्षमता काफी सटीक है।



भारत इस समय कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है। इनमें रक्षा क्षेत्र भी शामिल है। पिछले दिनों रक्षामंत्री ने कहा था कि हमें न केवल अपने राष्ट्रीय हितों की पूर्ति सुनिश्चित करने में सक्षम होना चाहिए, बल्कि जरूरत के समय अन्य लोगों की मदद करने में भी सक्षम होना चाहिए। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता किसी भी अन्य क्षेत्र की तुलना में कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

बता दें कि इन दिनों पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन की सेना डटी हुई है। ऐसे में नाग मिसाइल का सफल परीक्षण भारत के लिए अच्छे संकेत हैं। सीमा पार जारी तनाव के बीच इन मिसाइलों का परीक्षण खासा अहम माना जा रहा है। हाल ही में, डीआरडीओ प्रमुख ने कहा कि संस्थान सेना के लिए स्वदेशी मिसाइलों को तैयार में जुटा हुआ है, ताकि मिसाइल क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

बता दें कि इससे पहले भी नाग मिसाइल के कई अन्य ट्रायल हो चुके हैं। हर बात कुछ नया इसमें जोड़ा जाता रहा है। साल 2017, 2018 और 2019 में अलग-अलग तरीके की नाग मिसाइलों का परीक्षण हो चुका है। ये वजन में काफी हल्की होती है, लेकिन इसके बावजूद दुश्मन के टैंक समेत अन्य सैन्य वाहनों को सेकेंडों में समाप्त कर सकती है।

### मिजोरम ने असम से अपनी सेना वापस लेने का किया फैसला

**सिलचर, पीटीआइ।** मिजोरम सरकार ने असम के क्षेत्र से गृह सचिव, असम के गृह सचिव, ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी के अनुरोध पर अपनी सेनाओं को बाहर निकालने पर सहमति व्यक्त की है। बुधवार को आयोजित बैठक में गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव (उत्तर पूर्व के प्रभारी) सत्येंद्र कुमार गर्ग, गृह सचिव मिजोरम पीआई लालबाईकांशी, और गृह सचिव, असम, ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी ने भाग लिया। त्रिपाठी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि वर्तमान स्थिति के मद्देनजर, हमने मिजोरम सरकार से असम की सेना को वापस बुलाने का अनुरोध किया, जिसे उन्होंने तैनात किया था। मिजोरम सरकार हमारे अनुरोध पर सहमत हो गई है। इसलिए, बलों की तैनाती की समस्या का समाधान किया गया है। असम सरकार के अधिकारी ने कहा कि बलों से वहां से जल्द ही वापस बुलाया जाएगा। इस बीच, संयुक्त सचिव, एमएचए गर्ग ने बैठक को फलदायी करार दिया। इसके अलावा, त्रिपाठी ने कहा कि दोनों पक्षों ने अशांत क्षेत्रों में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए बैठकें कीं और कहा कि सीमा से लगे मिजोरम में असम में फंसे आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले ट्रकों की आवाजाही शुरू करने की कोशिश की जा रही है।

## देश में 90 फीसद की ओर बढ़ रही रिकवरी दर

**नई दिल्ली, एएनआइ।** भारत में कोरोना वायरस की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होता नजर आ रहा है। कोरोना के ताजा आंकड़ों के अनुसार देश में रिकवरी दर अब 90 फीसदी की ओर तेजी से बढ़ रही है। कोरोना के नए मामलों में गिरावट के साथ रिकवरी दर के तेज होने से देश में कोरोना के हालत में सुधार हो रहा है। देश में अब तक करीब 69 लाख लोग कोरोना से ठीक हो चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश में बीते 24 घंटों में कोरोना के नए मामले कम हुए है। कोरोना के 55,838 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान देश में 702 लोगों की मौत भी हुई है। इसको मिलाकर कोरोना का कुल आंकड़ा 77 लाख के पार चला गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देश में अब तक 77 लाख 6 हजार 946 कोरोना के मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें से 68 लाख 74 हजार 518 लोग इससे ठीक हो चुके हैं। देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 7 लाख 15 हजार 812 है। वहीं भारत में कोरोना के कारण 1 लाख 16 हजार 616 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।



देश में कोरोना की रिकवरी दर में तेजी से वृद्धि हो रही है। देश में बीते 24 घंटों में कोरोना से 79,415 लोग ठीक हुए हैं। इसको मिलाकर कोरोना की रिकवरी दर 89.20% हो गई है। इसके साथ ही देश में सक्रिय मामलों में कमी आ रही है। बीते 24 घंटों में 24,278 सक्रिय मामले कम हुए हैं। इसको मिलाकर फिलहाल कोरोना का एक्टिव केस 9.29% है। भारत की कोरोना मृत्यु दर फिलहाल 1.51% है।

देश में अब तक साढ़े नौ करोड़ से ज्यादा सैंपलों की कोरोना जांच की जा चुकी है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में मंगलवार तक 9,86,70,363 सैंपलों की उडश्क्क्ष्19 हो चुकी है, जिनमें से 14,69,984 टेस्ट कल किए गए हैं।

### भारतीय नौसेना की बढ़ी ताकत, बेड़े में शामिल हुआ 90 फीसद 'मेड इन इंडिया' INS कवरत्ती

**नई दिल्ली, एएनआइ।** चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच भारत अपनी सैन्य क्षमता में इजाफा करने में लगा हुआ है। इसी कड़ी में भारतीय सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवने विशाखापट्टनम में स्वदेशी निर्मित एंटी-सबमरीन युद्धपोत आईएनएस कवरत्ती को नौसेना में शामिल किया। इस की खासियत है कि यह रडार की पकड़ में नहीं आता। कवरत्ती के बेड़े में शामिल होने से नौसेना की ताकत में और भी अधिक इजाफा होगा। प्रोजेक्ट 28 के तहत निर्मित चार स्वदेशी युद्धपोत में से यह अंतिम है। आईएनएस करवत्ती को भारतीय नौसेना के संगठन डायरेक्टॉरेट ऑफ नेवल डीजाइन (डीएनडी) ने डिजाइन किया है। इससे पहले नौसेना को ऐसे ही तीन युद्धपोत आईएनएस कमोर्ता, आईएनएस कदमत और आईएनएस किलतानसौंपे जा चुके हैं। इस मौके पर सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवने ने कहा कि INS Kirvatti का कमीशन हमारे देश के समुद्री सिमाओं की सुरक्षा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। कवारत्ती को स्वदेशी रूप से विकसित अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस किया गया है जिसमें एक मध्यम श्रेणी की बंदूक, टारपीडो ट्यूब लांचर, रॉकेट लांचर और एक करीबी हथियार प्रणाली शामिल है। नौसेना अधिकारियों ने बताया कि आईएनएस कवरत्ती में अत्याधुनिक हथियार प्रणाली है और ऐसे सेंसर लगे हैं जो पनडुब्बियों का पता लगाने और उनका पीछा करने में सक्षम हैं। इस युद्धपोत में इस्तेमाल की गई 90 फीसद चीजें स्वदेशी हैं। आईएनएस कवरत्ती का नाम 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तानी गुलामी से मुक्ति दिलाने वाले युद्ध में अपने अभियानों के जरिये अहम भूमिका निभाने वाले युद्धपोत आईएनएस कवरत्ती के नाम पर मिला है। भूतपूर्व आईएनएस कावारत्ती अरनल क्लास मिसाइल युद्धपोत था।

# ग्रामीण अंचल

प्रयागराज शुक्रवार, 23 अक्टूबर, 2020

## संक्षेप समाचार

### अस्पताल की जमीन पर दबंग कर रहे कब्जा, शिकायत

**करछना।** क्षेत्र के मझुआ गाव मे अस्पताल के लिए छोड़ी गई भूमि पर गांव के ही कुछ लोग दबंगई के बल पर निर्माण कराकर कब्जा कर रहे है जिसकी ग्रामीणो ने उपजिलाधिकारी करछना समेत उच्चाधिकारियो से शिकात करते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगाये जाने की माग की है।गाव निवासी संतोष कुमार ने एसडीएम को दिए शिकायते पत्र मे आरोपित किया है कि गांव मे पशु चिकित्सालय के नाम पर भूमि छोड़ी गई थी जो राजस्व अभिलेखो मे दर्ज है।उक्त भूमि के कुछ भाग पर शिकायतकर्ता अपने छप्पर डालकर दुकान खोलकर जीकोपार्जन करता था जिसको गांव के दबंग लोग जबरन छप्पर हटाकर निर्माण करा रहे है और मना करने पर उक्त दबग लोग मारपीट पर अमादा हो जाते है। संतोष की शिकायत पर अधिकारियो ने गंभीरता से लेते हुए राजस्व कर्मियो को मौके पर जांच कर कब्जा धारको के खिलाफ कार्रवायी का आदेश दिया है।

## बाइक मिस्त्री की गला रेतकर निर्मम हत्या, चक्का जाम



बाइक मिस्त्री का शव रखकर चक्काजाम करते परिजन व आक्रोशित लोग

**माण्डा, प्रयागराज ।** मांडा थाना क्षेत्र के खवास का तारा में गुरुवार भोर एक बाइक मिस्त्री की अज्ञात बदमाशों ने गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। आक्रोशित परिजनों सहित ग्रामीणों ने माण्डा-मेजा मार्ग पर मृतक का शव रख कर चक्काजाम कर दिया है। सीओ समेत भारी पुलिस बल तैनात रहे, सूचना पर एसएसपी प्रयागराज भी मौके पर पहुंचे। माण्डा थाना क्षेत्र के कटका(खवास का तारा) निवासी विजय राज बिन्द (22) पुत्र रामदेव बिन्द बाइक मिस्त्री था। बुधवार रात में वह अपने गैरेज पर सोया था। गुरुवार भोर में अज्ञात बदमाशों ने गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी और फरार हो गए। सुबह आसपास के लोग जमीन पर खून से लथपथ देख दंग रह गए। जानकारी होने पर परिजनों समेत इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना और मेजा सीओ भीम कुमार गौतम, माण्डा इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार पाण्डेय, मेजा इंस्पेक्टर सुनील बाजपेई समेत अन्य थानों की फोर्स घटनास्थल पर पहुंच गई। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने घण्टो मसक्कत कर शव कब्जे में लिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने माण्डा-मेजा मार्ग पर चक्काजाम कर दिया।उक्त घटना को लेकर समूचे माण्डा क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है। लोगों का कहना है कि माण्डा में पूर्व में हुई आँधी के तिहरे हत्याकांड व भरारी हत्याकांड की तरह पुलिस उक्त मामले में खुलासे के पल्ला झाड़ रही है। लोगों का कहना है कि उच्चधिकारियों के आश्वासन पर चक्काजाम हटाया जाएगा। वहीं उक्त घटना में चक्काजाम हटाने को लेकर पुलिस प्रसाशन के पसीने छूट गए। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज पहुंच लोगों को शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया।

### होलागढ़ पुलिस ने 35 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन को किया गिरफ्तार

**होलागढ़।** शराब बनाने पर रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान में होलागढ़ थाना क्षेत्र के गांव में पुलिस द्वारा दबिश दी गयी गयी। जिसमे रीरू सरोज निवासी लाला का पूरा व चुन्नू निवासी संसरिया तथा एक महिला को कच्ची शराब बनाते हुए उपकरण के साथ 35 लीटर शराब के साथ पकड़ा गया व लहन नष्ट किया गया । व गिरफ्तार करते हुए कार्यवाही की गयी । गिरफ़्तारी करने वाली टीम में एसआई रविन्द्र नाथ यादव, एहतेशाम खां, शिव जी राय, पशुपति नाथ साहनी, विमला यादव आदि रहे ।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो अधिवक्ता घायल, अस्पताल में भर्ती



घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराती पुलिस

**होलागढ़।** होलागढ़ थाना क्षेत्र सुल्तानपुर अखबर गांव के समीप गारापुर मोड़ के पास एक चारपहिया ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे बाइक पर सवार दो अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए ।

जानकारी के मुताबिक होलागढ़ थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर जयसिंह निवासी त्रिलोक मिश्रा व बर्दनी गांव निवासी लोल पति उर्फ दीपक जो दोनों पेशे से अधिवक्ता है और दोनों लोग गुरुवार को एक मोटरसाइकिल से दोनों न्यायलय जा रहे थे कि तभी सुल्तानपुर अखबर गारापुर मोड़ के समीप सोरांव की ओर से आ रही एक चार पहिया ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों जमीन पर गिर पड़े और लोगो ने पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दिया । दोनों घायलो को सीएचसी सांगीपुर ले जाया गया । जहा त्रिलोक मिश्रा को एसआरएन रेफर कर दिया गया व लोलपति उर्फ दीपक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## ई- जागरण के तहत बालिकाओं को बताए गए सुरक्षा के नियम



बालिकाओं को जानकारी देते हुए

**खीरी।** उत्तर प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर नई-नई योजनाओं को क्रियान्वित एवं सुचारू रूप से प्रारंभ करने के लिए बहुत तेजी से कार्य कर रही है। सरकार का मानना है कि जब तक जागरूकता नहीं बढ़ेगी तब तक अपराध पर अंकुश लगाना मुश्किल काम होगा। अतएव पुलिस विभाग द्वारा विद्यालय खुलने के उपरांत विद्यालयों में जा जाकर बालिकाओं को छेड़छाड़ करने एवं अभद्र टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो सके एवं बालिकाओं एवं महिलाओं का सम्मान बचाया जा सके अतएव उप निरीक्षक विनोद कुमार द्वारा श्री परमानंद स्मारक इंटर कॉलेज में बालिकाओं को ई -जागरण के बारे में बताया गया। उन्हें बताया गया कि उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है। उत्तर प्रदेश पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है तथा बालिकाओं को 78 3987 1682 व्हाट्सएप नंबर के बारे में भी बताया गया। आपके आने जाने के समय कोई भी व्यक्ति या लड़का अभद्र टिप्पणी करता है या गंदी शरारते करता है तत्काल उनकी फोटो या वीडियो बनाकर इस नंबर पर भेजें और तत्काल खीरी पुलिस उनको गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही करेगी तथा आपका नाम गोपनीय रखा जाएगा। इसी क्रम में शिवजीयावन इंटर कॉलेज में भी जाकर विनोद कुमार एवं उनकी टीम द्वारा ई जागरण एवं एंटी रोमियो के बारे में बालिकाओं को बतलाया गया। आगे महिला आरक्षी रेखा यादव द्वारा बालिकाओं को बतलाया गया कि वैश्विक महामारी कोरोना को ध्यान में रखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग, सैनिटाइजर एवं मास्क का प्रयोग अत्यंत आवश्यक है' कोई भी अप्रिय घटना या अश्लील हरकत आपके साथ होती है तत्काल पुलिस को सूचित करें आपका नाम एवं नंबर गोपनीय रखा जाएगा एवं अपने घर वालों को भी जरूर बताएं। इस मौके पर कांस्टेबल अंकित यादव के अलावा शिक्षक गण एवं बालिका उपस्थित रहे।

## वायु सेना की भूमि पर अवैध मिट्टी खनन, लेखपाल ने थाने में दी शिकायती पत्र, नही हुई कार्रवाई

**घूरपुर।** इलाके के इरादतगंज हवाई पट्टी की भूमि पर शासन के आदेश पर एक ओर जहां राजस्व कर्मी अवैध कब्जे को चिंहित कर मुक्त कराने की नोटिस तैयार कर रहे है वहीं दूसरी ओर वायु सेना के हवाई पट्टी की भूमि पर किए जा रहे अवैध मिट्टी खनन देख सम्बंधित लेखपाल ने तस्वीर सहित घूरपुर थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की लेकिन एसओ ने कोई भी कार्रवाई नही की जिससे नाराज लेखपाल ने एसओ पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए वायु सेना मुख्यालय सहित जिले के पुलिस आलाधिकारियों व डीजीपी को पत्र भेज घूरपुर एसओ के अलावा अन्य पुलिस अधिकारियों से मामले की जांच करवा कार्रवाई की मांग की है।

विगत तीन महीने पूर्व शासन ने आदेश दिया है कि इरादतगंज हवाई पट्टी की भूमि और अवैध कब्जा. को चिंहित कर अवैध कब्जा.को मुक्त कराया जाय। जिस पर अधिकारी समेत भारी संख्या में राजस्व कर्मियो ने भूमि की पैमाइश कर रिपोर्ट शासन को भेज कब्जेधारियों को नोटिस भेजने की तैयारी कर रहे है। बताया जाता है कि वायु सेना को उक्त भूमि खाली करवा सौंपा जाऐगा। वायु सेना की नई विमाने यहीं तैनात की जायेगी। इस बीच जहां लोग अवैध कब्जा. हटाना शुरू किए है तो वहीं उक्त भूमि पर कई ईंट भठ्ठा संचालक पुलिस से मिलीभगत कर वायु सेना की भूमि पर ईंट निर्माण करने के लिए दर्जन भर जेसीबी लगा अवैध मिट्टी खनन कर रहे है ।सूचना पर हल्का लेखपाल वीरेंद्र कुमार खरे पहुंच तस्वीर लेकर घूरपुर थाने पहुंच एसओ से मिलकर अवैध खनन की तस्वीर सहित 19अक्टुबर को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि एसओ ने हीलाहवाली करते तीन दिन तक लेखापाल को थाने दौड़ाते रहे लेकिन कार्रवाई नहीं की। जिस पर लेखपाल वीरेंद्र कुमार खरे ने सम्बंधित एसओ को मिलीभगत का आरोप लगाते हुए वायु सेना मुख्यालय सहित जनपद के पुलिस आलाधिकारी व डीजीपी को शिकायती पत्र भेजकर संबधित एसओ के अलावा अन्य पुलिस अधिकारियो से वायु सेना की भूमि पर किए जा रहे अवैध मिट्टी खनन की जांच करा कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि यदि आलाधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेकर जांच कराया तो स्थानीय पुलिस कर्मियो की उक्त मामला गले की फांस बन सकती है।



इरादतगंज स्थित वायु सेना की भूमि पर अवैध मिट्टी खनन कर ईंट निर्माण करने के लिए रखी हुई मिट्टी

## हम आपकी सुरक्षा के लिए हैं, नि:संकोच सीयूजी नंबर पर करें फोन

### पुलिस अधिकारियों ने स्कूल- कालेज में चलाया जागरुकता अभियान

### मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को दिए सुरक्षा संबंधी कई टिप्स





छात्राओं को जागरूक करते हुए

**शंकरगढ़।** मिशन शक्ति के तहत गुरुवार को जनपद के स्कूल-कॉलेजों में पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया और छात्राओं को सुरक्षा संबंधित जानकारी दी। सीयूजी नंबर देते हुए किसी भी तरह की दिक्कत होने पर तत्काल फोन करने की अपील की भी पुलिस ने की। आश्वासन दिया कि उनकी शिकायत पूरी तरह से गोपनीय रहेगी।


इसी क्रम में थानाध्यक्ष शंकरगढ़ राजेश उपाध्याय ने क्षेत्र के राजा कमलाकर इंटर कॉलेज पहुंचकर छात्राओं को सुरक्षा संबंधित जानकारी दी। थानाध्यक्ष ने छात्राओं से कहा कि यदि किसी को कोई दिक्कत, परेशानी हो तो वह सरकार द्वारा दिए गए टोल फ्री नंबर या शंकरगढ़ पुलिस के सीयूजी नंबर पर अपनी शिकायत, बिना किसी डर के दर्ज कराएं। उनकी शिकायत पर तत्काल ऐक्शन लिया जाएगा और इसे गोपनीय भी रखा जाएगा। थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने छात्राओं को सुरक्षा संबंधी कई टिप्स भी दिए और छात्राओं में उत्साह का संचार किया। इस मौके पर शंकरगढ़ पुलिस के साथ कालेज के प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह, राम बोध खरवार, ओपी धारिया आदि लोग मौजूद रहे।

## फांसी के फंदे पर झूल किसान ने समाप्त की जीवन लीला



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के सराय बक्स गांव में एक किसान ने फांसी के फंदे पर लटक कर अपने जीवन में लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। सराय बक्स गांव निवासी राम सिंह पटेल उम्र 50 पुत्र छोटई पटेल जो किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार शाम परिवार के साथ खाना पीना खाकर अपने कमरे में सो गया। रात में कमरे का दरवाजा बंद कर छत पर लगे चुल्ले में रस्सी का फंदा बनाकर लटक कर अपनी जान गवा दी। गुरुवार सुबह लगभग 5 बजे घर के किसी सदस्य ने दरवाजा बंद देखा तो पीटने लगा। जब कुछ देर दरवाजा नहीं खुला तो खिड़की से देखा तो होश उड़ गए। शोर मचाया पास पड़ोस के लोग इकट्ठा हुए। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर लाश को बाहर निकालकर पीएम के लिए भेज दिया। वही मौत का कारण परिजनों ने घरेलू कलह बताया। मृतक के पांच बेटे और तीन बेटियां हैं। मृतक राम सिंह पटेल की मौत से पत्नी सीता देवी समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## रामलीला में हुआ धनुष यज्ञ व राम विवाह का मंचन



रामलीला का मंचन करते कलाकार

**जसरा।** श्री कृष्ण चंद्र रामलीला नाट्य समिति के तत्वावधान में श्री ईश्वरदीन छेदीलाल धार्मिक प्रतिष्ठान जसरा में बुधवार को धनुष यज्ञ व राम विवाह का मंचन सफलतापूर्वक किया गया। विदेह राज जनक अपनी पुत्री सीता के स्वयंवर में यह घोषणा किया कि जो वीर राजा स्वयंवर में रखा शिव धनुष को तोड़ेगा उसी के साथ सीता जी का विवाह किया जाएगा।

भगवान शिव के धनुष को तोड़ने के लिए देश-विदेश के अनेकों राजाओं ने भाग लिया।और धनुष को तोड़ने का प्रयास किया लेकिन किसी भी राजा के द्वारा शिव धनुष तोड़ना क्या कोई उस धनुष को हिला भी नहीं सका। रावण, बाणासुर जैसे महा प्रतापी राजाओं ने भी हार मान कर चले गए। जनक जी को इस बात का बड़ा दुख हुआ और उन्होंने कहा कि देश विदेश के राजा गण हम किसे कहें बलशाली है। हमको तो यह विश्वास हुआ पृथ्वी वीरों से खाली है। इसको सुनते ही विश्वामित्र जी के साथ जनकपुर पधारे लक्ष्मण जी ने कहा कि यह धनुष की क्या मजाल पूरा ब्रह्मांड उठा डालूं। गुरु विश्वामित्र के आदेश मिलते ही दशरथ नंदन श्री राम ने देखते ही देखते धनुष को तोड़ दिया और सीता ने उनके गले में जयमाला डाल दिया। धनुष को तोड़ते हैं श्रीराम के जयकारे लगने लगे। उसके बाद लक्ष्मण परशुराम संवाद और बाद में सीता राम विवाह का सफल मंचन सुयोग्य कलाकारों द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजक सतीश कुमार केसरवानी, गुड्डू केसरवानी, अंकुर केशरवानी, लवकुश, दीपू पाठक सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



विद्यालय में छात्राओं को जागरूक करते हुए

### शक्ति मिशन के तहत इण्टर कालेजों में लगाया गया शिकायत पेटिका

**लालापुर।** शक्ति मिशन के तहत गुरुवार के दिन लालापुर इण्टर कालेज, चिल्ला इण्टर कालेज में एसओ लालापुर अमित कुमार राय ने क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में पहुंच कर छात्राओं को महिला शक्ति के बारे में विस्तार से जागरूक करते हुए महिलाओं व छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जगह जगह महिला शिकायत पेटिका को स्थापित किया। एसओ लालापुर अमित कुमार राय ने गुरुवार के दिन क्षेत्र के हरिशंकर पांडेय इंटर कॉलेज, विष्णु राम तिवारी इंटर कॉलेज व शिवकुमारी इंटर कालेज में भ्रमण कर छात्राओं को महिला शक्ति के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि महिलाओं में अपार क्षमता है, यदि वो अपना रौद्र रूप याद कर लें तो उनका कोई भी बाल बाका नहीं कर सकता ।आगे कहा कि वो वेखौफ होकर अपने शिक्षण कार्य व नौकरी पेशा आदि के लिए निकले यदि कही भी उन्हें कोई असहजता महसूस हो तो तत्तकाल पुलिस को सूचित करें ।आगे कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर मुस्तैदी से कृत संकल्पित है ।

### ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के शांतिपुरम मोहल्ले के समीप गुरुवार को एक युवक ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। बताया जाता है कि औद्योगिक क्षेत्र के शांतिपुरम मोहल्ले के समीप गुरुवार शाम लगभग 7:00 बजे एक युवक पहुंचा और रेल पटरियों से गुजर रही ट्रेन के सामने लेट गया। जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक ही मौत हो गई। जिससे लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई । सूचना मिलने पर एसआई चंचल यादव व रवि कटियार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल के दौरान उसके जेब से डीएल, आधार कार्ड व मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक आधार कार्ड में मृतक का नाम बेनी प्रसाद पटवा (35) पुत्र मैकूलाल पटवा निवासी प्रतापगढ़ जिले के लालगंज तहसील स्थित सांगीपुर थाना क्षेत्र के कटरा, बधूपुर अंकित थे।

## मंदिरों में छठे दिन पूजी गयी माँ कात्यायनी




पूजन अर्चन करता भक्त

**जारी।** नवरात्र पर्व पर गुरुवार को देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में मां दुर्गा के षष्ठम स्वरूप कात्यायानी की पूजा-अर्चना विधिविधान से की गई ।शोसल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए बच्चे, महिला ,बुजुर्ग सभी लोगो का सुबह से देर रात तक आस्था का सैलाब प्रतिदिन उमड़ रहा है। जारी बाजार एवं क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्थापित की गई दुर्गा प्रतिमाएं लोगों के श्रद्धा व आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। मां कात्यायनी की कृपा के लिए जगह-जगह रात्रि जागरण और जप का आयोजन हुआ दुर्गा पूजा महोत्सव में गुरुवार को मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी देवी का पूजन-अर्चन श्रद्धालुओं ने विधिविधान से किया गया। मां कात्यायनी को अजन्मा माना गया है। ऐसी मान्यता है कि मां कात्यायनी के स्वरूप की आराधना करने के दिन रात्रि जागरण और जप से साधक को सभी प्रकार की सफलता हासिल होती है। इसी के चलते पूजा के लिए देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। जारी के काली चौरा,बड़े हनुमान मंदिर, बाबा गोविंद दास, समेत आदि स्थानों पर स्थापित की गयी।



बरामद अवैध शराब व आरोपी

### मऊआइमा पुलिस ने लहन नष्ट कर बीस लीटर शराब के साथ दो को किया गिरफ्तार

**मऊआइमा।** मऊआइमा पुलिस ने कई स्थानों पर कच्ची महुआ की भट्ठियों को नष्ट कर दो को गिरफ्तार कर उनके पास से बीस लीटर कच्ची महुआ की तैयार दारू बरामद कर मुकदमा दर्ज कर किया । मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाने के सब इंस्पेक्टर अभयचन्द्र, संदीप कुमार यादव, हेड कांस्टेबल विजय नारायण, कांस्टेबल अर्पण, का0 सूरज, महिला कांस्टेबल सोनम यादव ने क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर में दबिश डाल कर कई घरों में अवैध शराब की भट्ठियों को नष्ट कर दिए तथा तीन कुंटल लहन को भी नष्ट किया तथा मौके से मन्जू देवी पत्नी सुनील कुमार तथा राम खेलावन पुत्र राम अवतार से दस दस लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद कर दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किया है ।

# प्रयागराज हलचल

प्रयागराज शुक्रवार, 23 अक्टूबर, 2020

## संक्षेप समाचार

### छेड़खानी व दुष्कर्म के मामले मे वांछित चल रहे दो चढ़े पुलिस के हत्थे

**करछना।** एसएसपी प्रयागराज के दिशा निर्देश मे चलाये जा रहे अभियान के तहत करछना पुलिस ने गुरूवार को दो लोगो को पुलिस ने अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जिसमे हिनौता महोरी गांव निवासी बाबूलाल पटेल पुत्र रामललन जो दुष्कर्म के मामले मे वाछित था जिसे आज नहर कोठी तिराहा से गिरफ्तार कर लिया गया।इसी तरह अमिलो का आशुतोष शुक्ला उर्फ अनूप शुक्ला पुत्र विष्णुकात जो छेडखानी के आरोप मे वाछित था जिसे पुलिस ने डीहा बाजार से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।गिरफ्तारी टीम मे उप निरीक्षक निसार अहमद ,धीरेन्द्र कुमार सिह पंकज त्रिपाठी धीरेन्द्र कुमार, दीपक यादव, शिव शरण, तेज प्रकाश, मणि कान्त वर्मा, सुबीर सिंह हमराहियो के साथ शामिल रहे।

## किसानों के हक के लिए कांग्रेसियों ने डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन



जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी

**प्रयागराज।** नए कृषि कानून के विरोध में और किसानों के हक के लिए कांग्रेसियों ने गुरुवार को कलक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सरकार को किसान विरोधी बताते हुए जमकर नारेबाजी भी की। इसके बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार नारे लगाते रहे। जिला कांग्रेस कमेटी तथा गंगा पार जिला अध्यक्ष रामकिशुन सिंह पटेल के नेतृत्व में काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर में एकजुट हुए। नए कृषि कानून को वापस लेने और किसानों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी करने लगे। कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय के सामने पहुंचे। जहां राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एडीएम सिटी को सौंपा। उन्होंने अधिकारी से भी कहा कि राज्यपाल को उनका ज्ञापन जरूर भेज दिया। प्रदर्शन करने वालों में गंगापार अध्यक्ष रामकिशुन पटेल, यमुनापार अध्यक्ष अरुण तिवारी, शहर अध्यक्ष नफीस अनवर, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी, ओम प्रकाश सरोज, संतोष सिंह, अजीत भारतीय, मननान अंसारी, दिवाकर भारती, पूनम सिंह, मंजू संत, अशोक मिश्रा, हसीब अहमद व इरशाद उल्ला आदि मौजूद रहे।

### महिला स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान विषय पर वेबीनार

**नैनी।** मिशन शक्ति के अंतर्गत हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय पीजी कॉलेज नैनी की ओर से आयोजित व्याख्यान श्रृंखला में वृहस्पतिवार को डॉ. भूमिका सिंह, सीनियर डाइटिशियन, भारतीय रेलवे का व्याख्यान आयोजित हुआ। उन्होंने 'संतुलित आहारः महिला स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान, विषयक अपनी परिचर्चा में महिला, सामान्य रूप से उपलब्ध भोजन किस प्रकार संतुलित कर सकती हैं। महाविद्यालय, प्राचार्य, प्रोफेसर सुनंदा चतुर्वेदी ने भारतीय पारंपरिक भोजन एवं मान्यता के स्वास्थ्य स्वास्थ्य वर्धक पक्ष को पहचानने की बात कही। संचालन डॉ. नीतू सिंह एवं डॉ. नीति सिंह ने किया। साथ ही महाविद्यालय एनएसएस इकाई की समन्वयक डा. रफत अनीस ने अभिभावकों व छात्रों को शपथ दिलाई। सायं काल महिला सुरक्षा के संदर्भ में चल रहे ऑनलाइन धारावाहिक मार्शल आर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। जिसमें प्रशिक्षक किरण मिश्रा द्वारा डॉ भास्कर शुक्ला एवं आमिर के निर्देशन में आत्मरक्षा संबंधी उपाय बताए गए। यह जानकारी महाविद्यालय के मीडिया प्रकोष्ठ से डॉ. अमित मिश्र ने दी।

## नवरात्र के छठें दिन भक्तों ने मां कात्यायनी का किया पूजन अर्चन



**प्रयागराज।** नवरात्रि के छठे दिन मां भगवती के कात्यायनी स्वरूप का भक्तगणों ने पूजन अर्चन किया कोरोना महामारी को लेकर ज्यादातर भक्तगण भगवती की आराधना अपने अपने घरों में ही कलश स्थापना करके कर रहे हैं। इसके बावजूद भी भक्त गण मंदिरों में पहुंच कर कोरोना महामारी को समाप्त करने का मैया से अरदास लगा रहे। गुरुवार को शक्तिपीठ मां आलोपशंकरी मंदिर के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों भक्त पहुंच रहे हैं। मइया के दर पर मत्था टेकने के साथ भक्त मन्नत भी मांग रहे हैं। मंदिर परिसर में मन्नत का धागा बांधकर मां से उसे पूरी करने की अर्जी लगा रहे हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार मां आलोपशंकरी मंदिर में मन्नत का धागा बांधने से वह जल्द पूरी होती है। नवरात्र का व्रत रखकर मइया का पूजन करने वाले काफी श्रद्धालु कलश के पास अखंड ज्योति जलाकर साधना में लीन हैं। वहीं मां अलोपशंकरी, मां कल्याणी देवी, मां ललिता देवी, मां खेमा मायी, मां काली बाड़ी सहित अधिकतर देवी मंदिरों में जनकल्याण के लिए अखंड ज्योति जलाई गई है। देशी घी की ज्योति लगातार जलती रहती है। वहीं, शतचंडी यज्ञ के जरिए कोरोना संक्रमण का खात्मा होने की प्रार्थना की जा रही है। संतों के साथ श्रद्धालु भी यज्ञकुंड में आहुतियां डाल रहे हैं।

## मकान का ताला तोड़ गहनों सहित नगदी उठा ले गये चोर

**तहरीर मिलने पर पुलिस ने बुलाई डाग स्क्वायड, मायूसी**



जांच पड़ताल करने पहुंची पुलिस व मौजूद ग्रामीण

**खीरी।** खीरी थाना क्षेत्र के डीही खुर्द ग्राम सभा में बीती रात अज्ञात चोरों ने घर के पिछवाड़े से घुसकर ताला तोड़ कर गहने कुछ पैसे व आवश्यक सामग्री उठा ले गए। भुक्तभोगी ने खीरी पुलिस को सूचना दी है ।जानकारी के अनुसार खीरी थाना क्षेत्र के डीही खुर्द निवासी सिद्ध नारायण शुक्ला पुत्र भगवती प्रसाद शुक्ला ने खीरी पुलिस को गुरुवार को घर में चोरी होने का तहरीर दिया। जिसमें सोने का अंगूठी, झुमका, सुई धागा, मनचली, हार एवं चांदी का करधन, पेटी, लच्छा इत्यादि चोरी होने की बात कही। जिसमें कुछ आवश्यक कागजात समेत कुछ पैसे भी थे। सूचना पर खीरी थाना अध्यक्ष मय फोर्स पहुंचे। डाग स्क्वायड टीम भी कुत्ते लेकर मौके पर पहुंची जहां मायूसी के अलावा कुछ नहीं मिला। मामले में खीरी थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि चोरी का सूचना मिलने पर मौके पर हम सब गए, लोगों से पूछताछ किया गया ।अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है ।

### डिजी-समीक्षा अधिकारी के अभ्यर्थियों को सत्यापन का मौका

**प्रयागराज।** लोक सेवा आयोग की ओर से समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2017 के अन्तिम चयनित अभ्यर्थी जो पूर्व में निर्धारित सत्यापन तिथि में सत्यापन नहीं करा पाये थे, उन्हें एक मौका और दिया जा रहा है। छूटे हुये अभ्यर्थी आगामी 27 अक्तूबर को सुबह दस बजे अपने समस्य शैक्षिक अभिलेखों का सत्यापन करा सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक अरविन्द कुमार मिश्र ने बताया कि सत्यापन के लिए आने वाले अभ्यर्थियों को मास्क पहनना अनिवार्य होगा। अभिलेख के अतिरिक्त अभ्यर्थी कोई अन्य सामान साथ नहीं ला सकता है। आयोग के गेट संख्या दो पर पहुंचने पर अभ्यर्थियों को हैंडवॉश करना होगा। वांछित मूलप्रमाण पत्रों के अभाव में अभ्यर्थियों का सत्यापन निरस्त कर दिया जायेगा।

## अमर शहीद अशफाक उल्ला खां का 120वाँ जयन्ती समारोह मनाया गया



जयंती समारोह में उपस्थित लोग

**प्रयागराज।** अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद एवं शहीद-ए-आजम भगत सिंह स्मारक समिति के तत्वावधान में आज प्रातः 9.30 बजे आजाद पार्क प्रतिमा के समीप काकोरी काण्ड के अमर शहीद अशफाक उल्ला खां साहब का जन्म दिन शिद्दत के साथ मनाया गया। शुरूआत शहीद अशफाक उल्ला खां के तैलचित्र पर पुष्पांजलि माला फूल चढ़ाते हुए काकोरी काण्ड के शहीद अशफाक उल्ला खां अमर रहे - अमर शहीदों की क्रान्तिकारी परम्परा अमर रहे व वीर शिरोमणि शहीद चन्द्र शेखर आजाद अमर रहे के गगन भेदी नारे लगाये गये।

मुख्यवक्ता प्रो0 श्री बल्लभ ने कहा कि हिन्दुस्तान को अपने जिन बेटों पर नाज है उनमें शहीद अशफाक उल्ला खां साहब का नाम आला दर्जे में शुमार किया जाता है। उपस्थित युवाओं से अपील की कि वे देश सेवा नियमों का पालन करते हुए भी सहज में कर सकते है। आप देश के विकास में अपनी सामर्थ्य के हिसाब से मदद करना भी अपेक्षित है।

वरिष्ठ समाज सेवी संजय कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि ब्रिटिश हुकुमत ने उन्हे बहुत लालच दिया मगर उन्होने माफीनामा नही मांगा कहा कि मै सदी का पहला मुसलमान हूँ जो भारत माता की स्वतंत्रता के लिए फांसी पर चढ़ रहा हूँ, मै मन ही मन अभिमान का अनुभव कर रहा हूँ। वो हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रबल पक्षधर थे।

अध्यक्षता करते हुए राजू मरकरी ने कहा कि ब्रिटिश शहीद अशफाक उल्ला खां को जिन्होंने देशवासियों को फिरंगी क्रूरता के खिलाफ एक होकर संघर्ष की राहे अमल का पैगाम दिया। उनके 120वें यौमे पैदाइश पर शत-शत नमन वंदन किया।

जयन्ती समारोह का संचालन महासचिव राज बहादुर गुप्ता ने व धन्यवाद ज्ञापित प्रो0 श्याम बिहारी जायसवाल जी ने किया। जिला प्रशसन के निर्देशानुसार कोविड-19 का अक्षरशः कार्यक्रम में पालन किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रो0 आनन्द कुमार पाण्डेय, पं0 राम नरेश त्रिपाठी, प्रो0 ओ0डी0 सिंह, शाश्वत साहू, आशुतोष द्विवेदी, ओकार शर्मा, सादिक हुसैन सिद्दीकी, पदुम जायसवाल, इकरामूल हसन सिद्दीकी, अमन सिंह, अतुल राय, विशाल गुप्ता, निखिल मरकरी, लोकेश मुखर्जी, आर0सी0 मिश्रा, अरूण शुक्ला, मधु श्रीवास्तव, निधि स्वरूप, लक्ष्मी सिंह, रेनू सिंह, जूही सिंह, अर्चना साहू, कनक लता गुप्ता प्रगति गुप्ता, समिष्ठा साहू, संगीता गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## उमरे, रेल सुरक्षा बल के निरीक्षक प्रतिष्ठित रेल मंत्री पदक से सम्मानित

**रेल सुरक्षा बल उत्तर मध्य रेलवे कोविड -19 के विरुद्ध लड़ाई में दे रहा अग्रणी योगदान**

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे, नैनी रेल सुरक्षा बल पोस्ट के शिव कुमार सिंह आईपीएफ को सर्वश्रेष्ठ जांच के लिए प्रतिष्ठित रेल मंत्री पदक से सम्मानित किया गया। प्रत्येक वर्ष विशिष्ट क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रेल सुरक्षा बल कर्मियों को माननीय रेलमंत्री के स्तर पर बहादुरी पदक, सर्वश्रेष्ठ जांच पदक, जीवन रक्षक पदक और महिला और बाल सुरक्षा पदक से सम्मानित किया जाता है। प्रयागराज मण्डल के अंतर्गत नैनी रेल सुरक्षा बल पोस्ट पर कार्यरत शिव कुमार सिंह द्वारा उनके कार्य के दौरान कर्तव्य के प्रति निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के लिए रेलवे बोर्ड ने 8 अक्टूबर 2020 को पत्र के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ जांच श्रेणी के लिए उनके नाम की घोषणा की। शिव कुमार ने मोबाइल सर्विलांस तकनीक, कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स और केंद्रित जांच की मदद से चलती ट्रेन में चोरी और अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त 10 चोरों के एक गिरोह का भंडाफोड़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और रेलवे अधिनियम के तहत अपराधियों को गिरफ्तार किया और उन पर मुकदमा चलाया गया। प्रतिष्ठित रेलमंत्री के पदक के अतिरिक्त, श्री सिंह को 50000 रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया गया। महाप्रबंधक राजीव चौधरी, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त, उत्तर मध्य रेलवे रवींद्र वर्मा और उत्तर मध्य रेलवे के अन्य अधिकारियों ने शिव कुमार सिंह को इस प्रतिष्ठित उपलब्धि के लिए बधाई दी।

रेल सुरक्षा बल उत्तर मध्य रेलवे कोविड -19 के विरुद्ध लड़ाई में हर क्षेत्र में अग्रणी योगदान दे रहा है। लॉकडाउन में स्टेशनों और रेकों की सुरक्षा से लेकर जरूरतमंदों तक भोजन और श्रमिक विशेष की कुशल संचालन के साथ साथ उत्तर मध्य रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने चालू वित्त वर्ष के दौरान सभी क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। अब तक, रेल सुरक्षा बल ने भूले भटके 265 लड़कों और 101 लड़कियों को बचाया और उन्हें उनके परिवारजनों से मिलाया या विशिष्ट मामले में आवश्यकता अनुसार चाइल्डलाइन और स्थानीय अधिकारियों को सौंपा । सितंबर 2020 तक, सुरक्षा हेल्प लाइन 182 पर प्राप्त 921 आपात कॉलों का तुरंत जवाब दिया और यात्रियों की सुरक्षा सम्बंधी मुद्दों पर त्वरित कार्यवाही की और यात्रीओं के खिलाफ अपराध में शामिल 125 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। ट्रेनों में यात्रा के दौरान छूटे 122 यात्रियों के सामान और लगभग 1.88 लाख रुपये को रेल सुरक्षा बल कर्मियों द्वारा सम्बंधित यात्रियों को सुरक्षित वापस किया गया। नशे और प्रतिबंधित सामग्री के वाहक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए, रेल सुरक्षा बल, उत्तर मध्य रेलवे ने 27.24 लाख रुपये की अवैध सामग्री के साथ तस्करी में शामिल 39 लोगों को गिरफ्तार किया। वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान 178 अवैध टिकट विक्रेताओं को गिरफ्तार किया गया है और रेलवे सामग्री की चोरी में शामिल 136 व्यक्तियों को उनके कब्जे में 7.41 लाख रुपये की रेलवे संपत्ति के साथ गिरफ्तार किया गया है। 1630 अवैध वेंडर को रेलवे अधिनियम के तहत रेल सुरक्षा बल द्वारा गिरफ्तार किया गया है और 1.29 करोड़ रुपये से अधिक का जुमार्ना वसूला गया । इसी क्रम में, स्टेशन परिसर और ट्रेनों में गंदगी फैलाने वाले 1339 व्यक्ति, अनधिकृत अलार्म चेन पुलिंग में शामिल 1778 लोग, महिलाओं या विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित डीब्बों में अनधिकृत रूप से यात्रा करने वाले 1749 व्यक्तियों सहित रेलवे एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत 11275 लोगों पर मामला दर्ज किया और 4.55 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला।

### दो शातिर गिरफ्तार, 19 मोबाइल हैंडसेट बरामद

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र पुलिस व एसओजी यमुनापार की टीम ने जरिए मुखबिर की सटीक सूचना पर दो शातिर मोबाइल चोरों को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से चोरी व छिनैती के 19 मोबाइल बरामद किए गए हैं। जिनमें 16 एंड्रायड मोबाइल, दो कीपैड फोन और एक टैबलेट शामिल है। इंस्पेक्टर चंद्रभान सिंह ने बताया कि पकड़े गए चोरों में जुबैर अली पुत्र शाकिर निवासी नुरुल्ला रोड, बुड्ढा ताजिया, खुल्दाबाद एवं दानियाल अंसारी उर्फ शेरू पुत्र अक्षय बाबू निवासी अटाला, बैगन टोला, खुल्दाबाद है। सीओ करछना सोमेंद्र मीणा ने बताया कि दोनों चोरी और छिनैती की घटनाएं करते हैं और दोनों पर अन्य थानों में भी एफआईआर दर्ज होने की सूचना मिली है। जानकारी जुटाई जा रही है।

## शुआट्स एनएसएस ने छात्र-छात्राओं को नारी सशक्तिकरण की दिलायी शपथ

**नैनी, प्रयागराज।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा नारी शक्ति मिशन के तहत वेबसाईट ओपेन कर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु आनलाईन शपथ दिलायी गई। एनएसएस कोआर्डिनेटर डॉ. रोहित लाल ने कहा कि प्रति कुलपति (एडमिन) प्रो0 एस.बी. लाल, निदेशक प्रशासन विनोद बी. लाल और कुलसचिव प्रो. रॉबिन एल प्रसाद के निर्देशन में एनएसएस लगातार सामाजिक योगदान में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। डा. रोहित लाल ने बताया कि अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुभाग मोनिका एस. गर्ग द्वारा जारी निर्देश के क्रम में आनलाइन वेबसाईट के माध्यम से लगभग 400 छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई कि वे नारी अपराध को किसी भी स्थिति में सहयोग नहीं करेंगे, दहेज लेने-देने का विरोध कर इस कुप्रथा को समाज से खत्म करने में योगदान देंगे, नारी सम्मान के लिए समाज का निर्माण करेंगे, नारी सशक्तिकरण के लिए समाज में जागरूकता लायेंगे। कार्यक्रम अधिकारी सत्यम कुमार केसरी ने बताया कि महिला सशक्तिकरण व महिला सुरक्षा को लेकर आनलाईन डिबेट भी आयोजित हुआ जिसमें छात्राओं ने विभिन्न तार्किक सुझाव प्रस्तुत किये। महिला सुरक्षा को लेकर वीडियो भी छात्राओं ने साझा किये जो बालिकाओं के स्वालम्बन एवं

## हाईकोर्ट की रिव्यू आफीसर की परीक्षा में पकड़ा गया जालसाज

**नैनी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की रिव्यू आफीसर कंप्यूटर बेस्ड स्किल टाइपिंग टेस्ट परीक्षा में गुरूवार को दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचे एक जालसाज को प्रवेश द्वार पर ही चेकिंग के दौरान पकड़ लिया गया। उसके खिलाफ नैनी कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराकर उसे पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। अपटेक लिमिटेड के साइट सुपरवाईजर नीरज कुमार चौबे पुत्र बृजकिशोर चौबे ने बताया कि गुरूवार को हाईकोर्ट के रिव्यू आफीसर कंप्यूटर बेस्ड स्किल टाईपिंग की टेस्ट परीक्षा थी। जिसका सेंटर नैनी कोतवाली क्षेत्र के इलाहाबाद इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था। सुबह दस बजे से परिक्षार्थियों के दस्तावेज व प्रवेश पत्र चेक करने के बाद प्रवेश द्वार से अंदर भेजा जा रहा था। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक पकड़ा गया। पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम चंद्रेश कुमार पुत्र कमलेश बहादुर निवासी महखुदवा, फूलपुर, प्रयागराज बताया। उसके पास जो प्रवेश पत्र व आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेज मिले वो प्रभात कुमार पुत्र यशवंत सिंह निवासी अब्दुल मलिक, फूलपुर के थे। पूछताछ में पता चला कि चंद्रेश कुमार प्रभात कुमार के स्थान पर परीक्षा देने आया था। इस दौरान हाईकोर्ट व जनपद न्यायालय के प्रतिनिधि मौजूद थे। नीरज कुमार चौबे ने चंद्रेश कुमार को नैनी पुलिस को सौंप दिया। उनकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

### होलागढ़ में विवाहिता को दहेज में बुलेट न मिलने को लेकर ससुरालियों ने किया जान से मारने का प्रयास पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**होलागढ़ के जुड़ापुर बीहर गांव की है घटना**

**नामजद आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस**

**होलागढ़।** शादी के बाद से विवाहिता से ससुरालियों द्वारा दहेज में बुलेट की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। जब ससुरालियों की मांग न पूरी होने पर विवाहिता को कमरे में बंद कर जलाकर मारने का प्रयास किया गया। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस पति समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। हालांकि पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने में नाकाम रही है। होलागढ़ जुड़ापुर बीहर गांव निवासिनी ममता यादव पत्नी अमर सिंह यादव की शादी 6 वर्ष पूर्व हिन्दू रीति-रिवाज के साथ हुई है। बताया जाता है कि ममता की षादी के बाद से ही ससुरालियों द्वारा दहेज में बुलेट की मांग करते हुए पति द्वारा अप्राकृतिक सम्बंध बनाया गया। साथ ही ससुरालियो की दहेज मांग न पूरी होने पर 20 अक्टूबर को जब वह मायके से अपने ससुराल पहुंची तो ससुरालियों ने विवाहिता को कमरे में बंद कर मिट्टी का तेल छिड़क कर जलाने का प्रयास किया गया। ससुरालियों से किसी तरह बचकर वह जान बचाते हुए बृहस्पतिवार को होलागढ़ पुलिस थाने पहुंचकर आप बीती घटना को पुलिस से बताईं। जिसके बाद विवाहिता की तहरीर पर पुलिस पति अमर सिंह यादव, ससुर राम आधार यादव, सास गुलाबा देवी, देवर उदय सिंह एवं देवरानी पूनम देवी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, अप्राकृतिक सम्बंध बनाने, हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस घटना मामले के आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## दुर्गा पूजा पंडालों में उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़

**सरकार द्वारा कोरोना पर जारी गाइड लाइन का पूर्णतः उलंघन हो रहा है**



कोरोना वायरस से बेपरवाह होकर भारी संख्या में जुटे भक्त

**फूलपुर।** कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते सरकार जहां जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए धार्मिक आयोजनों की अनुमति दे रही है। वहीं नवरात्रि में भक्त मां के जगराते में कोरोना से बेपरवाह होकर पूजा अर्चना में जुटे हैं। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के भमई हुसामगंज गांव में चल रहे देवी जागरण में ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो रही है। जहां सरकार द्वारा कोरोना पर जारी गाइड लाइन का पूर्णतः उलंघन हो रहा है। स्थानीय पुलिस प्रशासन भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय दरोगा सतेंद्र कुमार सिंह से पूछने पर उन्होंने बताया कि हमें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी

प्रयागराज शुक्रवार, 23 अक्टूबर, 2020

## संक्षेप समाचार

### बीएलओ ड्यूटी के नाम पर मनमानी

**कुंडा प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर ब्लॉक के खरगपुर निवासी अंबुज मिश्र ने बीएसए को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि बीएलओ की ड्यूटी लगाए जाने में बीआरसी मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि बीएलओ की ड्यूटी बार-बार लगाई और काटी जा रही है। ऐसे शिक्षामित्र जो ड्यूटी नहीं कर रहे हैं, उनसे वसूली किए जाने की भी चर्चा है। हालांकि खंड शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद ने मामले से अनभिज्ञता जताई। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।बीएलओ ड्यूटी के नाम पर मनमानी कुंडा प्रतापगढ़ ।लक्ष्मणपुर ब्लॉक के खरगपुर निवासी अंबुज मिश्र ने बीएसए को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि बीएलओ की ड्यूटी लगाए जाने में बीआरसी मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि बीएलओ की ड्यूटी बार-बार लगाई और काटी जा रही है। ऐसे शिक्षामित्र जो ड्यूटी नहीं कर रहे हैं, उनसे वसूली किए जाने की भी चर्चा है। हालांकि खंड शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद ने मामले से अनभिज्ञता जताई। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### कुएं में मिली वृद्ध महिला की लाश

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के अर्का महावीर पुर पुलिस चौकी अंतर्गत एक 80 साल की वृद्ध महिला की लाश कुएं में मिली है बुधवार की शाम से वृद्ध महिला घर से गायब थी लेकिन परिजनों ने उसकी खोज नहीं की पूरी रात परिजन घर में आराम करते रहे सुबह ग्रामीणों ने जब बताया कि महिला की लाश कुएं में पड़ी है तो पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला की लाश को कुएं से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक महिला का नाम राम सवारी उम्र लगभग 80 वर्ष पुत्र रामबरन निवासी अर्का महावीर पुर थाना करारी बताया जाता है बृद्ध महिला के दो बेटे हैं और दोनों गांव में ही रहते हैं।

### बदले गए कई चौकी इंचार्ज

**कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाये रखने हेतु 01 निरीक्षक सहित कई उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में एसपी अभिनन्दन ने बदलाव किया है इंस्पेक्टर तेगबहादुर सिंह को पुलिस लाइन्स से क्राइम ब्रांच भेजने के निर्देश दिए गए हैं। अभी तक सर्वेश सिंह एसओजी प्रभारी थे उन्हें सब थानाध्यक्ष पश्चिम शरीरा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह संजय गुप्ता चौकी इंचार्ज नारा को वहां से हटा कर उन्हें एसओजी प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है महेश मिश्रा प्रभारी सर्विलांस से चौकी इंचार्ज सल्लाहपुर बनाए गए है और लंबे समय से संजय परिहार सल्लाहपुर चौकी इंचार्ज थे जिन्हें सल्लाहपुर से हटाते हुए चौकी इंचार्ज संमशाबाद की जिम्मेदारी दी गयी है उपनिरीक्षक उमेश सिंह को पुलिस लाइन्स से चौकी प्रभारी नारा भेजा गया है।

## योगी मोदी तेरी नहीं चलेगी तानाशाही : कांग्रेस

### नेताओ ने कहा कि अब समय आ गया है कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता लाठी भी खाएंगे और जेल भी जाएंगे



विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठे कांग्रेसी नेता

**कौशांबी।** किसानों के तमाम समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने आज जनपद मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट पहुंचे और कांग्रेसी नेता कलेक्ट्रेट पहुँचते ही धरने पर बैठ गए हैं इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि योगी मोदी तेरी तानाशाही नहीं चलेगी और वक्ताओं ने कहा कि सरकार का जो कानून आया वह किसान विरोधी है और सरकार के इस कानून के चलते अन्नदाता भूखा मरता है उन्होंने कहा कि धान नहीं लिए जा रहे हैं और केंद्र प्रभारियों द्वारा धान में नमी बता कर वापस किया जा रहा है वक्ताओं ने कहा कि अब समय आ गया है कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता लाठी भी खाएंगे और जेल भी जाएंगे जब तक किसान मजदूरों को न्याय नहीं दिला देते सड़कों पर ही रहेंगे धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष तलत अजीम रजनीश पांडेय मनोज पटेल देवेश श्रीवास्तव शाहिद सिद्धकी राजेंद्र प्रसाद वेद प्रकाश पांडेय कौशलेंद्र द्विवेदी पप्पू मिश्रा तमजीद अहमद जितेंद्र शर्मा बबलू समदा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### किसान आंदोलन में गायब रहे दिग्गज कांग्रेसी

**कौशांबी।** किसानों के आंदोलन को लेकर कांग्रेस नेता धरना प्रदर्शन कर किसानों की आवाज बुलंद कर रहे हैं वहीं कांग्रेस पार्टी से विधायक और सांसद के दावेदारी करने वाले कांग्रेसी नेता किसान आंदोलन से गायब रहे हैं एक भी दिग्गज नेताओं का चेहरा भीड़ में नहीं दिखाई पड़ा है जिससे इन वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की सोच आम जनता और किसानों के प्रति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## उपकरण चिन्हांकन हेतु विकास खण्ड स्तर पर शिविर का होगा आयोजन

**कौशाम्बी।** दिव्यांगजनों को कॉक्लियर इम्प्लान्ट सर्जरी (05 वर्ष तक के बच्चें जो श्रवणबाधित हो) करेक्टिव सर्जरी/कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए चिन्हांकन हेतु समस्त विकास खण्ड स्तर पर शिविर का आयोजन किया जायेगा विकास खण्ड परिसर-मंझनपुर मे 28 अक्टूबर को विकास खण्ड परिसर- सरसवां में 29 अक्टूबर कोविकास खण्ड परिसर कौशाम्बी में 31 अक्टूबर को विकास खण्ड परिसर चायल में 04 नवम्बर को विकास खण्ड परिसर नेवादा में 05 नवम्बर को विकास खण्ड परिसर मूरतगंज में 06 नवम्बर को और विकास खण्ड परिसर सिराथू में07 नवम्बर को तथा विकास खण्ड परिसर कड़ा में 10 नवम्बर को शिविर आयोजित है रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक अभिलेख लाना आवश्यक हैं 40 प्रतिशत से अधिक का दिव्यांगता का प्रमाण पत्र।आय प्रमाण पत्र (ग्रामीण क्षेत्र में रु0 46080.00 वार्षिक एवं शहरी क्षेत्र में रु0 56460.00 वार्षिक तक) आधार कार्ड मोबाइल नम्बर पासपोर्ट साईज 01 फोटो के साथ जिन दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र नही है, वे भी शिविर में दिव्यांगता प्रमाण-पत्र निर्गत कराते हुये ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



जलते दीप का दृश्य

## मां से अरदास लगाते हुए भक्तों ने जलाये 2100 दीप

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र कर बमरौली आजाद नगर मोहल्ला हनुमान मंदिर के पास दुर्गा माँ का दरबार लगा है 21 अक्टूबर की रात्रि लगभग 8:00 बजे 2100 दीप जला कर ग्रामीणों ने मां दुर्गा से अरदास लगाए हैं कि कोरोना 19 जैसे महामारी से ग्रामीणों को बचाये महामारी को देखते हुए सभी भक्तों ने मां दुर्गा से अरदास लगाया की कोरोना बीमारी का सर्वनाश कर के भक्तों को खुशहाल रक्खे उपस्थित कमेटी सदस्य व ग्रामवासी राम बहोर मौर्य,सरोज कुमार फूल सिंह यादव, पूर्व प्रधान सोहनलाल, छेदी लाल यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## आइसोलेशन वार्ड का डीएम ने किया निरीक्षण




निरीक्षण के समय पूछताछ करते जिलाधिकारी।

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने गुरूवार को जिला अस्पताल में एल-2 के रूप में बनाये गये आइसोलेशन वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने एल-2 में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए वहां पर ऑक्सीजन वेल्टीलेटर एवं बिजली की उपलब्धता निरन्तर बनाये रखने का निर्देश दिया है। उन्होने भर्ती मरीजों की देखभाल करने, उनके खाने-पीने की समुचित व्यवस्था रखने एवं दवाओं का समुचित प्रबन्ध बनाये रखने का भी निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने अल्ट्रासाउण्ड कक्ष, ई0सी0जी0 कक्ष एवं एक्सरे रूम का निरीक्षण किया। उन्होने डॉक्टरों की उपस्थिति निरन्तर बनाये रखने के लिए भी कहा है। जिलाधिकारी ने कहा है कि आइसोलेशन वार्ड में किसी भी चीज की कमी न होने पाये। उन्होने ड्यूटी में तैनात डॉक्टरों को उच्च गुणवत्तायुक्त मास्क का प्रयोग करने का निर्देश दिया है। निरीक्षण में अस्पताल में साफ-सफाई एंव सेनेटाइजेशन निरन्तर कराते रहने एवं बेडशीट को भी निरन्तर बदलते रहने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 दीपक सेठ उपस्थित रहे।

### पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर डीएम ने प्रदान किए आवश्यक सामाग्री

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह गुरूवार को चायल निवासी हरि प्रसाद पुत्र अशोक कुमार के घर पहुंचकर आग लगने से हुए नुकसान को स्वयं देखा। जिलाधिकारी ने मौके पर ही उनके परिवार को कपड़े, बिस्तर, बर्तन, खाद्यान एवं अन्य आवश्यक गृहस्थी के सामानों को उपलब्ध कराते हुए अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत प्रधानमंत्री आवास दिए जाने के सम्बंध में तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। साथ ही साथ यह निर्देशित किया है कि जो भी अनुमन्य सुविधाएं है, पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराये। इसके बाद जिलाधिकारी चायल टाउन एरिया के वार्ड नं0-10 का भ्रमण कर वहां पर साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत को साफ-सफाई की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने एवं कहीं पर भी जल-जमाव की स्थिति न होने देने के लिए निर्देशित किया है। निरीक्षण के समय एक स्थान पर नाली की व्यवस्था न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत को वहां पर नाली की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी चायल-ज्योति मौर्या, अधिषासी अधिकारी नगर पंचायत सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वृद्धाजन आश्रम में चिकित्सकों द्वारा परीक्षण तथा उपचार किये जाने का निर्देश



बैठक करते जिलाधिकारी

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में वृद्धजन आश्रम के सुचारू रूप से संचालन हेतु गठित अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में माता पिता एंव वरिष्ट नागरिकों के भरण-पोषण योजना के अन्र्तगत पात्र एंव इच्छुक वृद्धजन को वृद्धा आश्रम निवास हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने, वृद्धजनो के स्वास्थ्य सम्बन्धी कठिनाईयों के निराकरण तथा प्रत्येक ग्राम में वृद्धजन का पंजीकरण तथा उनकी आम समस्याओं एंव शारीरिक कठिनाईयों के निवारण हेतु जन सम्पर्क किये जाने हेतु वृद्धजनों की सूची संरक्षित करते हुए सरकारी चिकित्सालयों में वृद्धजनों को लाइन नहीं लगाने के हेतु व्यवस्था करने तथा वृद्धाजन आश्रम में समय-समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण तथा उपचार किये जाने सहित अन्य विन्दुओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया।बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा धिकारी को वृद्धजन आश्रम में प्रत्येक सप्ताह चिकित्सकों को भेजकर वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण एंव उपचार कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने संचालित वृद्धजन आश्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए कहा है, जिससे कि लोगों को उसके बारे में जानकारी हो सके तथा इच्छुक वृद्धजन आश्रम में आकर सुविधा पूर्ण ढंग से रह सके। जिलाधिकारी ने सभी उपजिला धिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण के दौरान ऐसे वृद्धजनों को चिन्हित करने तथा उनको वृद्धजन आश्रम में रहने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी विजय कुमार,, तीनो तहसीलों के उप जिला धिकारीगण समाज कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार, वृद्धजन आश्रम के संरक्षक आलोक राय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा के लिये संसदीय क्षेत्र समिति की बैठक सम्पन्न




गूगल मीट द्वारा संसदीय क्षेत्र समिति की बैठक सम्पन्न।

**प्रतापगढ़।** सड़क सुरक्षा के लिये संसदीय क्षेत्र समिति की बैठक सांसद संगम लाल गुप्ता की अध्यक्षता में गूगल मीट के माध्यम से एन0आई0सी0 सभागार में आयोजित की गयी जिसमें जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शत्रोहन वैश्य, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सुशील कुमार मिश्र व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। गूगल मीट की बैठक में विधायक सदर राजकुमार पाल भी आनलाइन सम्मिलित हुये। बैठक के दौरान सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि जनपद में हेलमेट न लगाने वाले लोगों पर परिवहन विभाग द्वारा 697 लोगों व पुलिस विभाग द्वारा 31671 लोगों का चालान किया गया, सीट बेल्ट न प्रयोग करने पर परिवहन विभाग द्वारा 115 लोगों एवं पुलिस विभाग द्वारा 1431 लोगो का चालान किया गया। ड्राइविंग के दौरान मोबाईल का प्रयोग करने वाले 09 लोगों और पुलिस विभाग द्वारा 750 लोगों का चालान किया गया व गाड़ियों पर 03 सवारी बैठाकर चलने वाले 3617 लोगों का चालान पुलिस विभाग द्वारा किया गया। बैठक के दौरान मा0 सांसद जी ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों को यातायात संकेत व वाहन चलाने से सम्बन्धित जानकारी अनिवार्य रूप से दी जाये। उन्होने कहा कि जहां-जहां एनएच पर विद्यालय है वहां विद्यालय के संकेत लगाये जाये तथा पीली पट्टी वाली हल्का स्पीड ब्रेकर बनाया जाये। उन्होने कहा कि एनएच लालगंज पर दुर्घटनायें अक्सर होती है, दुर्घटनाओं को रोकने हेतु जिलाधिकारी से कहा कि बाईपास बनाने हेतु प्रस्ताव बनाकर शासन को उपलब्ध कराया जाये जिससे बाईपास का निर्माण कार्य किया जा सके। एनएच-231 पर राजापुर खरहर से बभनमई के बीच प्रायः दुर्घटनायें होती है इसलिये वहां भी पेट्रोल पम्प व स्कूलों के सामने डिवाइडर बनाये जाये। जनपद में तिलक इण्टरमीडिएट कालेज, एमडीपीजी कालेज, अब्दुल कलाम इण्टर कालेज के सामने जेब्रा लाइन एवं विद्यालय के समीप सांकेतिक चिन्ह लगाया जाये, राजकीय बालिका इण्टर कालेज के सामने एनएच-96 पर जेब्रा लाइन एवं विद्यालय इंडिकेशन नहीं लगाया गया है वहां पर जेब्रा लाइन एवं विद्यालय इंडिकेशन लगाया जाये जिससे होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इसी प्रकार सांसद ने कहा कि प्रोटोकाल के अनुसार जहां-जहां बार-बार दुर्घटना हो रही हो उन स्थानों को चिन्हित कर वहां पर दुर्घटना सम्बन्धी संकेत के चिन्ह प्रदर्शित किये जाये और यात्रा के दौरान दुर्घटना में चोटिल व्यक्ति को अस्पतालों में भर्ती कराने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर लिया जाये और जनपद स्तर पर एक कार्यक्रम आयोजित कर दुर्घटना के दौरान मदद करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाये।



बृजेश शांडिल्य बने ब्रांड एम्बेसडर

### भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद् के ब्रान्ड एम्बेसडर बनें : बृजेश शांडिल्य

**प्रतापगढ़।** भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद् ने सुप्रसिध्द बॉलीवुड सिंगर बृजेश शांडिल्य जी को ब्रान्ड एम्बेडसर बनाया है। सिंगर बृजेश शांडिल्य फिल्म सिटी मुम्बई में रहकर अपने शानदार गायिकी से लाखों लोगों का दिल जीता है। इसी प्रभावशाली गायिकी को देखकर भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद् की मुख्य कार्यकारणी ने गायक बृजेश शांडिल्य जी ब्रान्ड एम्बेडसर बनाने का निर्णय लिया। यह समाचार सुनकर गायक बृजेश जी ने खुशी जाहिर करते हुए बोला कि - खेल से सम्बंधित ऐसे फेडरेशन का ब्रान्ड एम्बेडसर बनना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं भी इस परिषद् विकास के लिए हरसंभव प्रयास करता रहूंगा। उन्होंने ने भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष अरविंद चित्तौडिया,डेवलपमेंट ऑफिसर पंकज पाण्डेय का विशेष आभार व्यक्त करते हुये पूरी टीम को शुभकामनाएं दी।

## खेत में पराली जलाने पर एफआईआर

**प्रतापगढ़।** शासन से रोक के बावजूद खेत में पराली जलाने पर राजस्व विभाग ने महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।कुंडा, प्रतापगढ़।महेशगंज थाना क्षेत्र में डेरवा के लोचनगढ़ में खेत में फसल अवशेष (पराली) जलाया जा रहा है। सेटेलाइट के जरिए उप कृषि निदेशक डॉ. रघुराज सिंह ने बुधवार को इसे पकड़ लिया। उन्होंने कुंडा एसडीएम को मामले की जानकारी दी। राजस्व निरीक्षक राजकुमार सरोज, लेखपाल अयूब खां, पारसनाथ व बिहार के राजकीय बीज भंडार के प्रभारी उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं प्राविधिक सहायक नीतीश कुमार की टीम पहुंची। सदस्यों ने पाया कि विमला देवी निवासी गरीबपुर के खेत में पराली जलाई गई। लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने विमला देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## विकास कार्यों को लेकर शिक्षक विधायक को दिया प्रार्थना पत्र



विधायक को प्रार्थना पत्र देते।

**सगरासुन्दरपुर, प्रतापगढ़ ।** नवरात्रि के पावन पर्व पर बृहस्पतिवार को रा. ब्रा. युवजन सभा के उपजिलाध्यक्ष और भावी प्रधान प्रत्याशी विद्युत कुमार मिश्र की अगुवाई में ग्रामीणों के साथ उमेश द्विवेदी शिक्षक विधायक का माल्यापर्ण करते हुए ग्रामसभा हर्षपुर के विकास की बाधा को दूर करने हेतु चर्चा हुई, जिसमे सर्वप्रथम पुलिया से लेकर गांव के अंदर तक लगभग तीन सौ मीटर की इंटरलाकिंग पर सहमति बनी। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने पूरा आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द हर्षपुर गाँव की और ग्रामसभा की समस्त समस्याओं से छुटकारा ग्रामीणों को दिलाया जाएगा। इस मौके पर संतोष त्रिपाठी, दीपक पाण्डेय,सुमित त्रिपाठी,प्रकाश चन्द्र पाण्डेय,बालकृष्ण मिश्र, चेतन मिश्र,हिमांशु ओझा आदि उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने विधायक के प्रति जताया आभार

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** आजादी के दशकों बाद गांव में पक्की सड़क बनने तथा गॉव का विद्युतीकरण होने से गदगद ग्रामीणों ने विधायक आरके वर्मा के प्रति आभार जताया है। लक्ष्मण पुर विकासखंड का दूल्हे पुर गांव आज तक संपर्क मार्ग से वंचित रहा। आजादी के बाद बनने वाले सभी जनप्रतिनिधियों से ग्रामीणों ने गांव को पक्के संपर्क मार्ग से जोड़े जाने की मांग करते रहे। लेकिन किसी ने अपने वादे को पूरा नहीं किया। इसी तरह गांव के विद्युतीकरण के लिए भी ग्रामीण एक अरसे से प्रयासरत थे और किसी तरह बांस बल्ली के सहारे तार खींचकर लोग लाइट का उपयोग कर रहे थे। जिससे हमेशा खतरा बना रहता था। विधायक आरके वर्मा ने भी ग्रामीणों की समस्या को दूर करने का वादा किया था। जिसे पूरा करते हुए गांव को मुख्य संपर्क मार्ग से जोड़ने का कार्य प्रारंभ करा दिया है। इसी प्रकार गांव के विद्युतीकरण का काम भी पूरा हो चुका है। विधायक के इस विकासवादी सोच से गांव के लोग गदगद हैं और उनकी प्रशंसा कर रहे हैं।

## हर भेद-भाव जुल्म को मिटाएंगे बेटी को आगे बढ़ाएंगे : नरेन्द्र सिंह

### महिलाओं के सम्मान एवं रक्षा के लिए पट्टी में गूंजा नारा




जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान अभियान के अंर्तगत यह अभियान प्रतापगढ़ में जिलाधिकारी के निर्देशन मे चलाया जा रहा हैं पट्टी ब्लॉक से चाइल्डलाइन व तरुण चेतना के सयुंक्त तत्वधान में एक रैली निकाली गई चाइल्डलाइन 1098 के सेंटर कोडिनेटर कृष्णकांत राय ने रैली के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा की प्रदेश भर में हो रहे महिलाओं के साथ अपराधिक घटनाओं को देखते हुए प्रदेश के मुख्य मंत्री आदित्य नाथ योगी के निर्देश पर महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे चाइल्डलाइन के सदस्य हकीम अंसारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मिशन का उद्देश्य महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु बालिकाओं को स्वावलंबी बनाना उन्हें सुरक्षित प्रवेश में अनुभूति कराना जन जागरूकता पैदा करना। मुख्य मंत्री के आदेशों का पालन करते हुए मिशन शक्ति के अंर्तगत चाइल्डलाइन द्वारा पट्टी शहर मे रैली निकाली गई। पट्टी के थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इंस्पेक्टर नरेन्द्र सिंह ने महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि हर भेद भाव व बहनों के ऊपर हो रहे जुल्म को हम सब मिलकर मिटाएंगे ताकि बेटीयो को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान व रक्षा के लिए 1090, 1098, 1076, 181,112, हेल्पलाइन नंम्बर संचालित किया जा रहा हैं। इन सभी नम्बरो को प्रयोग अवश्य करें समस्याओं का तुरंत निस्तारण किया जाएगा।इस रैली मे पट्टी पुलिस की अतुल्य सहयोग रहा। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, रहम नहीं अधिकार चाहिए महिला को सम्मान चाहिए, महिला शक्ति जिंदाबाद, महिला के सहयोग बिना हर बदलाव अधूरा हैं।, नारे लगाते हुए, पूरे टाउन में भ्रमण किया। इस कार्यक्रम में मेहताब खान, डॉक्टर अच्छे लाल बिन्द शकुंतला, रीना यादव, संतोष चतुर्वेदी, मुजम्मिल हुसैन, आजाद आलम, अभय राज, महिला कांस्टेबल आदि उपस्थित रही।